अत्यन्त महत्वपूर्ण

प्रेषक,

जिला विद्यालय निरीक्षक
फतेहपुर।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या
राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/वित्तविहीन मान्यता प्राप्त
(सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0/यू0पी0बोर्ड)
उ0मा0वि0/इण्टर कालेज
जनपद–फतेहपुर।

पत्रांक : शि0स0/ 3327–32 /2019–20 दिनांक : 22/9/19

विषय : विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी सम्बन्धी ज्ञान हेतु प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 प्रयागराज ने अपने पत्रांक :/मा0शि0प0/शोध–11/85–89 दिनांक 13.09.2019 द्वारा निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली के पत्रांक/संख्या/एनआईएस/डीआईआर/लेटर्स/2019(16) दिनांक 05.08.2019, जो CSIR द्वारा संचालित KAMP(Knowledge and Awareness Papping Plateform) कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा–5 से 12 तक के छात्र/छात्राओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सम्बन्धी ज्ञान को प्रोत्साहित करने से सम्बन्धित है, के द्वारा अवगत कराया गया है कि KAMP का मुख्य उद्देश्य छात्र/छात्राओं की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रकृति को पहचानना एवं उसे प्रोत्साहित करना है, जिससे भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा मानविकी क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व कर सके, के सम्बन्ध में विद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अस्तु उक्त के अनुक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया उपरोक्त विषयक विस्तृत जानकारी सम्बन्धित वेबसाईट http://kamp.nistads.res.in से अपलोड/प्राप्त कर अपने विद्यालय के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को अवगत कराते हुए उक्त विषय पर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें। उक्त के अतिरिक्त आपको यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत एक परीक्षा का आयोजन किया जाना है तथा परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। अतएव आपका व्यक्तिगत ध्यान आपेक्षित है, जिससे छात्र/छात्राओं के अन्दर छिपी हुयी प्रतिभा को सम्मान प्राप्त हो सके। किसी भी असुविधा होने पर हेल्पलाइन नम्बर–08448807602 पर सम्पर्क करें।

संलग्नक : उक्तवत् पत्रों की प्रति एवं निर्देशिका पत्र की छायाप्रति।

भवदीय

(महेन्द्र प्रताप सिंह)
जिला विद्यालय निरीक्षक
फतेहपुर

पृ0सं0 : शि0स0/ /2019–20 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी, फतेहपुर।
2. सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. क्षेत्रीय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज।
4. संयुक्त शिक्षा निदेशक, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
5. समस्त सम्मानित समाचार पत्रों के संवाददाताओं को इस आशय से प्रेषित कि छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

जिला विद्यालय निरीक्षक
फतेहपुर

I.C.Yadav 2437

Scanned by CamScanner